HAPPY NEW YEAR-2025

स्पर्श 3.0

MALLIKARJUN SCHOOL BHIMTAL

Follow us

Email ID - bhimtalmallikarjun@gmail.com Website- https://mallikarjunschoolbhimtal.in
Office Contact Number- +91 9528204855

# माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी द्वारा मल्लिकार्जुन विद्यालय के नवनिर्मित भवन का भव्य अनावरण



माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड, श्री पुष्कर सिंह धामी जी के करकमलों द्वारा मल्लिकार्जुन विद्यालय, लोहाघाट के नवनिर्मित भवन का भव्य अनावरण किया गया। आपकी गरिमामयी उपस्थिति से विद्यालय का वातावरण अत्यंत उल्लासपूर्ण और सकारात्मक हो उठा। मुख्यमंत्री जी ने विद्यालय का अवलोकन किया और छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित कर उनके उत्साह को बढ़ाया। अपने प्रेरणादायक आशीर्वचन के माध्यम से उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया।हम आशा करते हैं कि भविष्य में भी हमें आपकी महानतम शख्सियत का ऐसा ही स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त होता रहेगा, जो हमें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।



# आधुनिक शिक्षा में नैतिक शिक्षा की आवश्यकता

आधुनिक युग में नैतिक मूल्यों का पालन करना न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि यह पूरे समाज की उन्नति और समृद्धि के लिए भी महत्वपूर्ण है। क्योंकि तेजी से बदलती दुनिया में व्यक्ति और समाज दोनों ही नए-नए चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। अतः नैतिक मूल्यों की आवश्यकता और भी महत्वपूर्ण हो गई है।समाज में विविधता बढ़ी है और विभिन्न संस्कृतियाँ, धर्म, और जातियाँ एक साथ रहती हैं। नैतिक मूल्य समाज में समानता, सहिष्णुता और सौहार्द्र बनाए रखने में मदद करते हैं।आधुनिक समय में, जहां टेक्नोलॉजी और सोशल मीडिया का प्रभाव बढ़ा है, वहां नैतिक मूल्यों का पालन करना अत्यंत आवश्यक हो जाता है ताकि हम अनैतिक कार्यों, जैसे कि धोखाधड़ी, साइबर अपराध या किसी की गरिमा को ठेस पहुँचाने से बच सकें।नैतिकता व्यक्ति को मानसिक शांति, आत्म-निर्भरता और संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा देती है। यह लोगों को अपने कार्यों के परिणामों के प्रति जागरूक बनाती है और उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। इन सभी बातों से हमे समझ में आता है कि आधुनिक शिक्षा में नैतिक शिक्षा की कितनी अधिक आवश्यकता है। आज के तकनीकी और वैश्विक युग में, जहां अनेक समस्याएं जैसे भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी, और असहिष्णुता बढ़ रही हैं, नैतिक शिक्षा छात्रों को सही और गलत के बीच अंतर समझाने में मदद करती है। इसके माध्यम से युवा पीढ़ी को सत्य, अहिंसा, दया, सम्मान, और समाज के प्रति जिम्मेदारी जैसे गुणों का पालन करना सिखाया जा सकता है, जो उन्हें एक अच्छा नागरिक और इंसान बनाने में सहायक होते हैं।इसलिए, अगर शिक्षा केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित रहती है और उसमें नैतिकता का समावेश नहीं होता, तो हम एक सशक्त, जिम्मेदार और समाज के प्रति जागरूक नागरिक का निर्माण नहीं कर सकते।







श्री कृष्णा सिंह (बाएं से) प्रधानाचार्य(शाखा- कालिका)श्री अशोक शर्मा सीबीएसई इंचार्ज श्री संजय मुरारी प्रधानाचार्य(शाखा- चंपावत) श्री वीरेंद्र सिंह समस्त शाखा समन्वयकश्री रुद्राक्ष जोशी विद्यालय निदेशकश्रीमती दीप्ति प्रधानाचार्या (शाखा-पिथौरागढ़)श्रीमती किरन रौतेला प्रधानाचार्या (शाखा-बेरीनाग )श्रीमती अनीता खनाल अकादमिक समन्वयकखड़े बाएं सेश्री कमल चंद प्रधानाचार्य(शाखा-भीमताल)श्री राहुल देव प्रधानाचार्य(शाखा- लोहाघाट) श्री भरत धामी प्रधानाचार्य(शाखा-मडकोट)

# APRIL MONTH NEWS

## मल्लिकार्जुन स्कूल मे स्थापना दिवस

9 अप्रैल 2024 को मल्लिकार्जुन स्कूल मे स्थापना दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया





## विद्यालय में पृथ्वी दिवस मनाया गया

22 अप्रैल को विद्यालय में पृथ्वी दिवस मनाया गया ,जिसमे प्रधानाचार्य श्री कमल चंद द्वारा विद्यार्थियों को पृथ्वी दिवस की महत्वता के बारे में बताया गया,विद्यालय में गतिविधि के माध्यम से हर कक्षा में पृथ्वी दिवस मनाया गया




# MAY MONTH NEWS

## मातृ दिवस

12 मई 2024 मल्लिकार्जुन स्कूल बोहराकून में , मातृ दिवस के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया ,जिसमे मुख्य अतिथि गुरुदेव फाउंडेशन की संस्थापक ,सुश्री हर्षिता शर्माव ,श्रीमती प्रतिभा जोशी ( भाजपा जिला अध्यक्ष) ने कार्यक्रम का आगाज किया|





# रोबो कला का आयोजन

28 मई 2024 मल्लिकार्जुन स्कूल ,बोहरकून में रोबो कला का आयोजन किया गया ,जिसमे विद्यार्थियों ने आधुनिक रोबोटिक्स के हुनर सीखे|



**JUNE MONTH NEWS**

## पर्यावरण बचाओ अभियान रेली

5 जून को विद्यालय के माध्यम से पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत रैली निकली गई तथा विद्यालय में वृक्षरोपण कार्यक्रम भी किया गया|






# बेड टच और गुड टच

18 जून को विद्यालय में एक प्रस्तुति के माध्यम से बच्चों को बेड टच और गुड टच के बारे में बताया गया।





# JULY MONTH NEWS

## लोक पर्व हरेला

17 जुलाई को उत्तराखंड का लोक पर्व हरेला बड़े उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम भी किया गया।






21 जुलाई को भीमताल में लगने वाले हरेले मेले में मल्लिकार्जुन स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा एक नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसमें विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट एवं ट्रॉफी प्राप्त हुई।

## रोबो कला की कक्षाएं

23 जुलाई को विद्यालय द्वारा एस्ट्रो कल की कक्षाएं लगवाई गई जिसमें सभी विद्यार्थियों में बढ़ चढ़कर भाग लिया।









# धूमधाम से मनाया गया 78 वां स्वतंत्रता दिवस



धूमधाम से मनाया गया 78 वां स्वतंत्रता दिवस भीमताल: मल्लिकार्जुन स्कूल भीमताल में धूमधाम से 78 वां स्वतंत्रता दिवस बनाया गया जिसमें विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम,नाटक व भाषण के माध्यम से आजादी के महत्व को समझाया गया।



# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया

विद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। शिक्षिकाओं द्वारा कक्षा नर्सरी से यूकेजी कक्षा तक के छात्र-छात्राओं को राधा-कृष्ण तथा ग्वाल-वालों की मनमोहक पोशाक पहनाकर आकर्षक ढंग से तैयार किया गया।





# राष्ट्रीय खेल दिवस

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर खेल प्रतियोगिता आयोजित कर दी गई श्रद्धांजलि मल्लिकार्जुन स्कूल भीमताल में प्रत्येक वर्ष की भांति 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य पर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि देते हुए विद्यालय में विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।



## SEPTEMBER MONTH NEWS

# शिक्षक दिवस

छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस को बनाया खास मल्लिकार्जुन स्कूल भीमताल में विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस को खास और महत्वपूर्ण बनाने के लिए अनेक कार्यक्रम किए गए और उनकी फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।





## OCTOBER MONTH NEWS

# गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती

मल्लिकार्जुन स्कूल भीमताल में गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई गई आज 2 अक्टूबर को मल्लिकार्जुन स्कूल भीमताल में दो महान महापुरुषों गाँधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई।इन महान पुरुषों के द्वारा देश के लिए दिए गए बलिदान के विषय में शिक्षको व विद्यार्थियों द्वारा सभी को अवगत कराया गया। इसके साथ-साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा विद्यार्थियों ने अपने आसपास के क्षेत्र में जाकर सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।





# मल्लिकार्जुन स्कूल के विद्यार्थियों ने खेल महाकुंभ में लहराया अपना परचम

6 नवम्बर को भीमताल स्थित मिनी स्टेडियम में चल रहे खेल महाकुंभ में मल्लिकार्जुन स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के खेलों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी जीत दर्ज की। खेल महाकुंभ में विभिन्न विद्यार्थियों ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।खेल महाकुंभ में मुख्य अतिथि के रूप में भूतपूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र चनौतिया व सभासद आशा उप्रेती जी मौजूद रहे मुख्य अतिथियों ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों व विजेताओं को आशीर्वाद दिया वह आने वाले सभी खेल में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपना अपने क्षेत्र का व अपने स्कूल का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।खेल महाकुम्भ में निर्णायक वह निर्देशक के रूप में मदन खिमाल, अजय कुमार, हंसा शर्मा व मीरा सिंह मौजूद रहे।









# 'कौतिक उत्सव'

'कौतिक उत्सव' में मल्लिकार्जुन स्कूल के विद्यार्थियों ने मचाई धूम 26 अक्टूबर को हरमन माइनस स्कूल भीमताल में 'कौतिक उत्सव' का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस उत्सव में 8 स्कूलों ने प्रतिभाग लिया। मल्लिकार्जुन स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी जीत दर्ज की। मल्लिकार्जुन स्कूल के विद्यार्थी ने नुक्कड़ नाटक में प्रथम स्थान, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान व समूहगान, समूह नृत्य अथवा भित्तिचित्र में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने क्षेत्र व स्कूल का नाम रोशन किया।











# मल्लिकार्जुन भीमताल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

14 नवम्बर को मल्लिकार्जुन स्कूल भीमताल में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया गया, जिसमें शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गई व विद्यार्थियों को भ्रमण में ले जाया गया।







# children's day









# To find what you seek in the road of life- leave no stone



*My Dear Students,*

Each academic year is a new height scaled, another dream realized with new targets set for the future.Each member of our school is devoted to turning dreams & aspirations into reality through sincerity & perseverance.We at MSB always try to maintain the highest quality in academic standards and provide the most conducive environment for our student's holistic growth and development. We also strive to instil the core values of Respect, Integrity, Compassion and Excellence in our students so they can meet the ever-changing global challenges. Our dedicated and highly qualified staff stand as exemplary role models for our students thereby keeping the ethos of our school shining bright.Nelson Mandela rightly said, "Education is the most powerful weapon you can use to change the world." If there is one thing that can change the world, it is education and MSB is the pillar of formal education. Along with providing academics, we aspire to instil values, life skills and habits that make our students stand out and make a difference in society. We provide our students with ample opportunities to develop 21st-century skills such as collaboration, teamwork, critical thinking, emotional balance, time management and much more."Education is a shared commitment between dedicated teachers, motivated students and enthusiastic parents with high expectations." We wish to thank all the parents for their faith in our School. Let's partner together, so that we can see children being successful in whatever path they choose to tread.

**Purnima Pokhariya**
Activity Incharge